# राशन डीलर्स ने 30 हजार रु. प्रतिमाह मानदेय व दुकानों के लिए सरकारी जमीन मांगी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में राशन की दुकानों पर गेहूं वितरण करने वाले 27 हजार राशन डीलरों का महासम्मेलन मंगलवार को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पारस जैन व संरक्षक सत्यनारायण रिणवा ने की। खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास भी इस सम्मेलन में पहुंचे, जहां उन्होंने 20 सदस्यीय कमेटी बनाकर तमाम जायज मांगों का समाधान करने का आश्वासन मंच से दिया। साथ ही मुख्यमंत्री से बात करके राशन डीलरों का मानदेय तय करवाने का वादा भी किया।

■ **मुख्यमंत्री से बात कर तय कराएंगे राशन डीलरों का मानदेय : खाचरियावास**



प्रदेशभर से जयपुर पहुंचे राशन डीलरों ने विद्याधर नगर स्टेडियम में महासम्मेलन के जरिये शक्ति-प्रदर्शन किया।

पारस जैन ने बताया कि विद्याधर नगर स्टेडियम में जुटे हजारों राशन डीलर्स ने राज्य सरकार से 30 हजार रुपये प्रतिमाह का मानदेय मांगा। इसके अलावा संविदाकर्मियों के नियमितिकरण, पोस मशीन के नाम पर 15.21 रुपए की कटौती बन्द करने, खाद्य सामग्री पर 2 प्रतिशत छीजत देने, राशन डीलरों से गैर पीडीएसए कार्य नहीं करवाने, राशन की दुकानों के लिए सरकारी जमीन व निर्माण सुविधा देने की मांग उठाई। इसके साथ ही सरकार ने जो 5 हजार नई दुकान खोलने की घोषणा पिछले बजट में की थी, उस पर भी रोक लगाने का मुद्दा उठाया।

सम्मेलन में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने प्रदेशभर से आए हजारों राशन डीलरों को कहा कि कोई भी राशन डीलर ऑनलाइन होने के बाद 1 किलो राशन भी इधर-उधर नहीं कर सकता, अब आपकी जिम्मेदारी बनती है किसी भी इंस्पेक्टर या कर्मचारी के दबाव में आए बिना काम करें, यदि कोई आपको तंग करता है तो सीधे मुझे शिकायत करें। खाचरियावास ने कहा कि तमिलनाडु की तर्ज पर प्रदेश के राशन डीलरों का मानदेय तय करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से बात की जाएगी। खाचरियावास ने कहा कि राशन डीलर समाज की अहम कड़ी है, ऐसे में इनकी समस्याओं का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है।

खाचरियावास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 80 करोड़ लोगों का प्रधानमंत्री की ओर से दिया जाने वाला गेहूं बंद कर दिया है, खाचरियावास ने कहा 1 व 2 रुपये किलो में जो गेहूं मिलता था, अब केंद्र ने यह कह दिया कि फ्री में देंगे और जो प्रति व्यक्ति 10 किलो गेहूं मिल पहले मिल रहा था उसे अब केंद्र द्वारा सिर्फ 5 किलो कर दिया है, यह सीधे-सीधे देश की 80 करोड़ जनता के साथ धोखा है। खाचरियावास ने कहा कि राशन डीलर की सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

# अस्पतालों में मॉक ड्रिल कर करोना की तैयारियां परखीं

## कई स्थानों पर मॉक ड्रिल के नाम पर हुई खानापूर्ति



सवाई मानसिंह अस्पताल में मॉकड्रिल को लेकर पहले से तैयारियां दिखी। अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ( सफेद कोट ) ने मंगलवार को ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया।

**जयपुर**,(कासं)। चीन सहित अन्य देशों में कोविड के नए वेरिएन्ट को देखते हुए चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। इसके तहत भविष्य में कोविड केस बढने की आशंका को देखते हुए मंगलवार को राज्य के सभी निजी और सरकारी अस्पतालों में करोना से निपटने की तैयारियों की मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान अधिकांश स्थानों पर यह मॉक ड्रिल खानापूर्ति ही नजर आई। कई जगह तो बिना चिकित्सकों के ही उपकरणों की जांच कर कार्रवाई पूरी कर ली गई।

■ **जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने आरयूएचएस अस्पताल पहुंचकर वार्डों का दौरा किया।**

राजधानी जयपुर में कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित दोपहर में आरयूएचएस अस्पताल पहुंचे और वार्डों का दौरा किया। उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट को देखा और दवाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान आरयूएचएस में एक मरीज को व्हील चेयर पर लाया गया। मरीज को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। जिसे वार्ड में भर्ती होने व आक्सीजन मिलने में देरी होने से परेशानी का सामना करना पड़ा। आरयूएचएस में 1200 बेड्स है और ये सभी ऑक्सीजन सपोर्ट के है। इसमें से 301 आईसीयू-वेंटिलेटर है। आरयूएचएस में 1200 बैड्स की कैपेसिटी को 1800 तक ले जा सकते है। इसके लिए अस्पताल प्रशासन के पास पर्याप्त संसाधन है। यहां 5 ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट और 2 लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन कंटेनर है। इसके अलावा हर आईसीयू वार्ड में तमाम दवाईयां और इंजेक्शन उपलब्ध है, जिससे मरीज के परिजन को दवाई के लिए कहीं आना-जाना न पड़े। इसके अलावा 35 से ज्यादा डॉक्टर्स कोविड मरीजों को ट्रीटमेंट देने के लिए हर समय तैयार है।

वहीं सवाई मानसिंह अस्पताल में भी मॉकड्रिल को लेकर पहले से तैयारियां दिखी। अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने दोपहर करीब तीन बजे अस्पताल का राउंड लेकर व्यवस्थाओं की जांच की। इस दौरान उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट में सिलेंडरों के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा वार्डों का दौरा कर व्यवस्थाएं जांची गई। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत ने बताया कि एसएमएस मेडिकल कॉलेज एवं सम्बद्ध अस्पतालों सहित प्रदेश के सभी चिकित्सा संस्थानों में आयोजित मॉकड्रिल में ओपीडी एवं आईपीडी की व्यवस्थाओं, ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट्स व स्टोरेज टैंक, वेंटीलेटरर्स एवं ऑक्सीजन कंसनट्रेटर्स की क्रियाशीलता, आईसीयू और साधारण बैड्स की उपलब्धता, दवा वितरण केन्द्रों में उपलब्ध दवा स्टॉक, चिकित्सकीय एवं नर्सिंग स्टाफ की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का चिकित्सा और प्रशासनिक अधिकारियों ने जायजा लिया। चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के शासन सचिव डॉ. पृथ्वी ने बताया कि मॉकड्रिल के दौरान सभी उपकरणों को सुचारू रखवाने, आवश्यकता पड़ने पर आईसोलेशन वार्डों की व्यवस्था रखने, कोविड सैम्पल सेन्टर्स को सक्रिय रखने सहित विभिन्न आवश्यक सेवाओं का निरीक्षण किया गया।

# प्रदेश में केवल एक ही नया करोना संक्रमित मिला मंगलवार को

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में मंगलवार को करोना संक्रमण को लेकर काफी राहत की खबर है। इस दौरान राज्य में केवल एक ही नया संक्रमित मिला है। वहीं इस बीच करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में मंगलवार को उदयपुर में एक नया संक्रमित मिला है। इससे पहले सोमवार को 3 रोगी पाए गए थे। इधर आज राजधानी जयपुर सहित 32 जिलों में संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। उधर राज्य में करोना को लेकर चिकित्सा विभाग सतर्क हो गया है। इसके चलते प्रदेश भर में जांचे बढ़ा दी गई है। मंगलवार को राज्य में 7210 जांचे की गई है।

■ **जयपुर सहित 32 जिलों में कोई भी नया मामला सामने नहीं आया।**

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 1 मरीज ही ठीक हुआ है। इसके साथ ही एक्टिव केस की संख्या 83 पर ही बनी हुई है। इनमें जयपुर में 70 लोगों का इलाज चल रहा हैं। प्रदेश में मंगलवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की मौत हो चुकी है।

# डोडा-पोस्त तस्कर को दस साल का कारावास

**जयपुर**। एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत ने डोडा-पोस्त की तस्करी करने वाले अभियुक्त सम्मा सिंह को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने पंजाब निवासी इस अभियुक्त पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ऐसे कृत्यों से समाज व युवा पीढ़ी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक उमाशंकर खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि 27 जून 2019 को जीआरपी और आरपीएफ ने जयपुर रेलवे स्टेशन पर संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान अभियुक्त चार प्लास्टिक के कट्टों के साथ मिला। उसका आचरण संदिग्ध होने पर पुलिस ने उससे पूछताछ की। इस पर अभियुक्त ने कट्टों में घरेलू सामान होना बताया। जब पुलिस ने कट्टों को खोलकर देखा तो उसमें कुल 64 किलोग्राम डोडा-पोस्त का चूरा छिपाया हुआ मिला। पुलिस ने जब इसके लाइसेंस के बारे में पूछा तो अभियुक्त ने लाइसेंस होने से इनकार कर दिया।

# अधिकरण के एकपक्षीय आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने स्कूल व्याख्याता के तबादले के मामले में सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने प्रमुख शिक्षा सचिव और माध्यमिक शिक्षा निदेशक सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश डॉ. महिपाल सिंह की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने स्कूल व्याख्याता याचिकाकर्ता का भीलवाड़ा के झाडोल से सीकर के पलसाना में गत दस अक्टूबर को तबादला कर दिया। वहीं पलसाना की स्कूल में कार्यरत अन्य व्याख्याता अरविन्द कुमार को झाडोल में ट्रांसफर कर दिया। आदेश की पालना में याचिकाकर्ता ने 13 अक्टूबर को पलसाना स्कूल में कार्यग्रहण कर लिया। याचिका में कहा गया कि कार्यग्रहण करने के करीब डेढ़ माह बाद अरविन्द कुमार ने अपने तबादला आदेश को राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण में चुनौती दी। इसका प्रारंभिक स्तर पर ही निस्तारण करते हुए अधिकरण ने उसके तबादले पर रोक लगा दी और उसे विभाग में अभ्यावेदन पेश करने को कहा। याचिका में कहा गया कि दूसरे व्याख्याता ने याचिकाकर्ता के पद ग्रहण करने के डेढ़ माह बाद अधिकरण में अपील पेश की थी। इस अपील में याचिकाकर्ता को भी पक्षकार बनाया गया था, लेकिन अधिकरण ने याचिकाकर्ता का पक्ष नहीं सुना और प्रारंभिक स्तर पर ही उसकी अपील का निस्तारण कर दिया। इस पर सुनवाई कर एकलपीठ ने अधिकरण के आदेश पर रोक लगाते हुए अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# फॉल्ट के कारण बंद सूरतगढ़ थर्मल की दो इकाईयों में उत्पादन शुरू

**जयपुर**। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के तकनीकी फाल्ट के कारण बन्द इकाइयों में से 660 मेगावाट क्षमता की सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल की इकाई सं. 8 से 27 दिसम्बर को पूर्वान्ह 4.14 बजे से तथा 250 मेगावाट क्षमता की सूरतगढ़ थर्मल की इकाई सं. 4 से 26 दिसम्बर को अपरान्ह 2.57 बजे से विद्युत उत्पादन प्रारम्भ हो गया है।

राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक आर. के. शर्मा ने बताया कि श्रीगंगानगर जिले में स्थित सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल थर्मल विद्युत गृह की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई संख्या 8 बॉयलर ट्यूब लीकेज के कारण दिनांक 21 दिसम्बर को 11 बजे से बन्द हो गई थी। तत्पश्चात् इकाई के बॉयलर को लाइटअप कर सभी पैरामीटर सही पाये जाने पर 27 दिसम्बर को पूर्वान्ह 4.14 बजे सिंक्रोनाइज कर बिजली उत्पादन शुरू कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सूरतगढ़ थर्मल की 250 मेगावाट क्षमता की इकाई संख्या 4 तकनीकी फाल्ट के कारण 22 दिसम्बर को बन्द हो गई थी जिसे दुरूस्त कर 26 दिसम्बर को विद्युत उत्पादन शुरू कर दिया गया है।

# जयपुर व जोधपुर स्थाई पीठ के क्षेत्राधिकार निर्धारित

**जयपुर**। मुख्यमंत्री ने राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण की जयपुर और जोधपुर स्थाई पीठ के क्षेत्राधिकार निर्धारण के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। उन्होंने राजस्थान सिविल सेवा नियम, 1976 के नियम 6 में संशोधन के प्रारूप पर सहमति दी है। गहलोत के अनुमोदन से दोनों पीठ के क्षेत्राधिकार निर्णय से प्रकरणों के निस्तारण और न्यायिक कार्यों में सुगमता आएगी।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2023 में ग्लोबल जियोपॉलिटिक्स पर होगी चर्चा

**जयपुर**। अपने 16वें संस्करण में, आइकोनिक जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 19 से 23 जनवरी को होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर में,वैश्विक साहित्य को मंच पर प्रस्तुत करेगा। फेस्टिवल के प्रोग्राम का स्तर हमेशा की तरह इस बार भी शानदार रहने वाला है। धरती के 'महानतम' साहित्य शो में वर्तमान समय के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी, जिनमें जिओपॉलिटिक्स प्रमुख है।



लक्ष्मी पुरी



नवदीप सूरी



विजय गोखले

बेहतरीन वक्ताओं की सूची के साथ, फेस्टिवल में एक सत्र भारत-चीन के सम्बन्धों पर आधारित रहेगा। भारत-चीन के आपसी रिश्तों ने बहुत से उतार-चढ़ाव देखे हैं, इस विषय पर बातचीत करने के लिए मौजूद रहेंगे, पत्रकार और कमेंटेटर, मनोज जोशी; भूतपूर्व विदेश सचिव व चीन के राजदूत विजय गोखले; और भूतपूर्व विदेश सचिव श्याम सरन। इनके साथ संवाद करेंगी पत्रकार और विदेश नीति की एक्सपर्ट सुहासिनी हैदर। सत्र के दौरान, जोशी एलएसी से जुड़े अनसुलझे तनाव पर बात करेंगे।

एक अन्य सत्र में, सरन यूएन रेजिडेंट कोआर्डिनेटर फॉर इंडिया शोम्बी शार्प; लेखक त्शेरिंग ताशी; भारत और भूटान में यूरोपियन यूनियन के एम्बेसडर उगो अस्तुतो; भूतपूर्व आईएफएस ऑफिसर और एम्बेसडर लक्ष्मी पुरी; और लेखक अवय शुक्ल से जलवायु संकट पर बात करेंगे। सत्र के दौरान, एक्सपर्ट पैनल 27 के बाद के हालात और सस्टेनेबल विकास, क्लाइमेट प्रोग्रेस, क्लाइमेट जस्टिस और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

फेस्टिवल में, सरन भूतपूर्व आईएफएस ऑफिसर और एम्बेसडर लक्ष्मी पुरी; अकादमिक और पर्यावरणविद जैसन स्कोर्स; और भूतपूर्व राजनयिक नवदीप सूरी से संवाद करेंगे। एक सत्र 'गवर्निंग द डेप्थ: द पॉलिटिक्स ऑफ़ द ओसियन', में जिओपॉलिटिकल एक्सपर्ट्स का एक ग्रुप मौजूदा समुद्रीय शासन व्यवस्था, चुनौतियों, संसाधन और सुरक्षा के उपायों पर चर्चा करेगा।

